हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
4 अक्तूबर 2023, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 लाख लाभार्थियों का आंकड़ा पार करने पर पी.एम स्वनिधि योजना की सराहना की।
- उच्चतम न्यायालय ने आज पंजाब सरकार को सतलुज यमुना लिंक नहर के निर्माण के लिए सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया में मदद करने का आदेश दिया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मधुबन में हरियाणा पुलिस अकादमी में 72 वें अखिल भारतीय कुश्ती कलस्टर का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा है कि पुलिस की नौकरी केवल एक रोजगार नहीं है बल्कि देश के प्रति सेवा का अवसर है।
- केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए रसोई गैस पर सब्सिडी में प्रति सिलेंडर 100 रुपये की वृद्धि की।

.................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 50 लाख लाभार्थियों का आंकड़ा पार करने पर पी.एम स्वनिधि योजना की सराहना की है।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के एक सोशल मीडिया पोस्ट का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पी.एम स्वनिधि योजना ने न केवल रेहड़ी-पटरी वालों का जीवन आसान बनाया है, बल्कि उन्हें सम्मान के साथ जीने का अवसर भी दिया है।

.................................................................

उच्चतम न्यायालय ने आज पंजाब सरकार को सतलुज यमुना लिंक नहर के निर्माण के लिए सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया में मदद करने का आदेश दिया है।

शीर्ष न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने पंजाब सरकार को कहा कि वो सर्वोच्च न्यायानय को इस मामले में सख्त आदेश जारी करन के लिए मजबूर न करें। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को यह सर्वेक्षण करवाने के आदेश दिये कि पंजाब में सतलुज यमुना लिंक नहर निर्माण का कितना काम हो चुका है। न्यायालय ने केंद्र सरकार को यह भी कहा कि वो इस मामले में पंजाब और हरियाणा के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का हल निकालने के लिए पहल करे।

सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले की अगली सुनवाई अगले साल जनवरी में होगी।

.................................................................

भारतीय स्टेट बैंक ने हाथ में रखने वाला एक मोबाइल उपकरण जारी किया है जिससे उपभोक्ताओं को बैंकिग सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी और सेवाओं तक उनकी पहुंच बढ़ेगी। इस उपकरण से उपभोक्ताओं को घर पर ही बैंक से पैसे निकलवाने, जमा करवाने, किसी के खाते में भेजने बकाया जमा राशि का पता करने और खाते संबंधी अन्य विवरण हासिल करने की सुविधा मिलेगी। इस पहल से खासकर उन उपभोक्ताओं को लाभ होगा, जो स्वास्थ्य खराब होने, आयु अधिक होने या दिव्यांगता के कारण बैंक शाखा या उपभोक्ता सेवा केंद्र तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करते है। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक इस उपकरण के माध्यम से शीघ्र ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत पंजीकरण, बैंक खाता खोलने और कार्ड धारक सेवायें प्रदान करने पर भी विचार कर रहा है।

..................................................................

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:-

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रान्तिकारी सुखदेव का पूरा नाम क्या था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:-

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रान्तिकारी सुखदेव का पूरा नाम क्या था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:-

पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सन 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान "जय जवान जय किसान" का नारा दिया था।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:- हरियाणा के अम्बाला से आरुष तिवाड़ी।

..................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज मधुबन में हरियाणा पुलिस अकादमी के बच्छेर स्टेडियम में आयोजित 5 दिवसीय 72 वें अखिल भारतीय कुश्ती कलस्टर का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों एवं अर्द्ध सैनिक बलों की 36 टीमों के 2 हजार 561 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

वहां मौजूद जवानों और विभिन्न प्रदेशों से आये खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों में पुलिस का योगदान कम नहीं है। उन्होंने कहा कि कबड्डी और कुश्ती प्रदेश की माटी के पारंपरिक खेल है। मुख्यमंत्री ने दूसरे प्रदेशों से आये खिलाड़ियों का हरियाणा की धरा पर पहुंचने पर अभिनंदन किया।

..................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज करनाल में मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी के प्रोबेशनर उपनिरीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह में कहा की पुलिस की नौकरी केवल एक रोजगार नहीं है बल्कि आत्म सम्मान और देश के प्रति सेवा का अवसर है।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को सदैव अपनी वर्दी की इज्जत रखते हुए, खुद को जन सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल का सम्मान बनाये रखना सबकी जिम्मेदारी है।

आज के दीक्षांत समारोह में 441 प्रोबेशनर उप निरीक्षकों ने कर्त्तव्य परायणता की शपथ ली। इन उप निरीक्षकों में 380 पुरूष और 61 महिलायें शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैच में प्रथम रहे प्रोबेशनर उप निरीक्षक सचिन कुमार, दिव्तीय रहे मंजीत और तृतीया रही टीना को प्रशंसा पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

..............................................................

केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए रसोई गैस पर सब्सिडी में प्रति सिलेंडर 100 रुपये की वृद्धि की है।

आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए रसोई गैस पर सब्सिडी में वृद्धि को मंज़ूरी देते हुए, इसे मौजूदा 200 रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर 300 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया है।

इस अवसर पर, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा की सरकार ने राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना को अधिसूचित किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड, हल्दी के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसकी खपत एवं निर्यात बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर नए बाज़ार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

..............................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज रेवाडी और पलवल जिले में ग्रामीण विकास कार्यों के तहत 12 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 2 नई परियाजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में जिला रेवाड़ी के रोहराई, कोसली में नहर आधारित औद्योगिक जलघर और ताजे जल हेतु पंपिंग स्टेशन का निर्माण शामिल है। इस पर अनुमानित 10 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके अलावा, जल आपूर्ति योजना में सुधार हेतु हथीन तहसील के गांव पचंका में 100 किलामीटर क्षमता का भूमिगत टैंक का

निर्माण करने सहित 2 ट्यूबवेलों की स्थापना व जल वितरण पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। जिस पर लगभग 2 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च होंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि रोहराई गांव में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति 70 लीटर पानी की दर से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गांव के भीतर एक स्वतंत्र नहर आधारित जलघर का निर्माण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्वीकृत परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करने और परियोजनाओं को निश्चित समयावधि में पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने का निर्देश दिए है।

.................................................................

आज चंडीगढ़ के सेक्टर 33 में मुरम्मत को लेकर निर्माणधीन दो बूथ गिर गए। मलबे के नीचे 2 से 4 लोगों के दबे होने की आशंका जताई गई है। राहत दल मलबा हटाने में लगे है।

.................................................................

चीन में चल रही एशियाई खेलों में रोहतक जिले के रूड़की गांव की महिला मुक्केबाज प्रवीण हुड्डा ने कांस्य पदक हासिल किया है। इस होनहार युवा मुक्केबाज को अगले साल होने वाले ओलंपिक का कोटा मिल चुका है।

प्रवीण ने 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में उज्बेकिस्तान की सितोरा तर्डिबेकोवा को 5-0 से हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

इससे पहले प्रवीण हुड्डा ने वर्ष 2019 में नेपाल में आयोजित हुए दक्षिण एशियाई खेलों में स्वर्ण, खेलो इंडिया में स्वर्ण, वर्ष 2019 में जर्मनी में हुई विश्व कप में स्वर्ण, 2022 तुर्की सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य, जॉर्डन में हुई एशियन चैंपियनशिप में स्वर्ण हासिल किया था।

.................................................................

हरियाणा सरकार ने मांसपेशियों की कमजोरी सहित 55 दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में ऐसे मरीजों को 2750 रूपये मासिक वित्तीय सहायता देने और पारिवारिक आय सीमा में छूट देते हुए चिरायु योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

.................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए पुलिस विभाग को किसी भी किसान के खेत से ट्रांसफॉर्मर की चोरी होने पर थानों में बिना समय गंवाये प्रथम रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए है।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश के सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों एवं रेंज अधिकारियों को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

..................................................................

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि पंचकूला में साकेत स्थित मदर टेरेसा फिजियोथेरेपी कॉलेज को उत्तर भारत के बेहतरीन पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा, ताकि सुलभ हो सकें।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस कॉलेज को हरियाणा चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विाग के अधीन चलाया जायेगा।

..................................................................

हरियाणा सरकार द्वारा पिछले महीने सरसों के तेल एवं गेहूं से वंचित रहे लाभार्थियों को इस महीने की 10 तारीख को राशन वितरित किया जायेगा।

भिवानी जिले के खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक के के गोयल ने बताया कि पात्र राशन कार्ड धारक, बायोमैट्रिक सत्यापन करके इस महीने दोनों महीनों का राशन, राशत डिपो से प्राप्त कर सकता है।

..................................................................